एक नजर

मंदिर की जमीन पर कब्जा

इंदौर। सांवेर इलाके में एक मंदिर की जमीन पर एक महिला और उसके साथियों ने कब्जा कर लिया। दरअसल लॉकडाउन के दौरान मंदिर के पुजारी अपने घर चले गए थे। लौट कर आए तो उन्हें ही वहां से जाने का कह दिया गया था। पुलिस के अनुसार कल तहसील कार्यालय से मिले पत्र के आधार पर शासन स्तर पर प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों के नाम दिलीप निवासी रिंगनोदिया कलावती और अन्य है। रिंगनोदिया पंचायत के पास शासकीय भूमि पर महादेव मंदिर बना हुआ है। यहां के पुजारी लॉकडाउन के दौरान चले गए थे वह जब लौटे तो कलावती और दिलीप ने दस्तावेजों में हेरफेर कर उस पर अपना कब्जा बता दिया। मामले में पुजारी ने शिकायत की थी। जांच के बाद केस दर्ज किया गया है।

पड़ोसी ने की अश्लील हरकत

इंदौर। खजराना इलाके में एक मनचले ने अपनी पड़ोसन के साथ अश्लील हरकत की। आधी रात को आरोपी ने महिला से छेड़छाड़ की। महिला ने पुलिस को खबर की, जवान जब मौके पर पहुंचे तो बदमाश भाग निकला। पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम आशीष सुरवाड़े निवासी सूरज नगर है। पीड़िता ने बताया कि वह रात के समय किसी काम से घर से बाहर निकली थी, उसी दौरान आरोपी आशीष अपने घर के बाहर खड़ा था। उसने महिला को देखा तो अश्लील हरकतें करने लगा। महिला ने विरोध किया और पुलिस को खबर की। आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है।

मां ने डांटा तो बेटी ने लगा ली फांसी हालत गंभीर

इंदौर। खजराना इलाके में रहने वाली एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की है। दरअसल लड़की और उसकी छोटी बहन मोबाइल के लिए घर में विवाद कर रही थी, मां ने उन्हें डांट दिया। इसी बात से नाराज होकर किशोरी ने फांसी लगा ली। मिली जानकारी के अनुसार घटना बाबा मनसब नगर की है। यहां रहने वाली नाज पिता कमरू को कल उसके परिवार वाले अस्पताल इलाज के लिए लेकर पहुंचे थे। नाज की मां के अनुसार नाज और उसकी छोटी बहनें कल घर में ही मोबाइल के लिए आपस में लड़ रही थी। इस बात पर मां ने बेटियों को डांट दिया था। इसी बात से नाराज होकर नाज ने जानलेवा कदम उठा लिया।

गोंदिया शहर के लिए शुरू होगी फ्लाइट

इंदौर। तीन राज्यों महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर मौजूद एक छोटे से शहर गोंदिया के लिए इंदौर से जल्द फ्लाइट शुरू होगी। इंदौर को बेस बनाने वाली निजी उड़ान कंपनी फ्लाईबिग केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत इसे शुरू करने जा रही है। सबसे अच्छी बात यह है, कि अब जब सभी एयरलाइंस लो कॉस्ट में अपनी उड़ानों का संचालन कर रही है। उस समय कंपनी अपने यात्रियों को उड़ान में नाश्ता उपलब्ध करवाने जा रही है। ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष हेमेंद्रसिंह जादौन ने बताया कि कंपनी के अधिकारियों के साथ हमारी बैठक हुई है। जिसमें अधिकारियों ने हमें यह जानकारी दी है। कंपनी के अधिकारियों से हमने कहा है कि वे लोग अहमदाबाद, रायपुर और पटना जैसे शहरों को भी जोड़ लें। जिससे उन्हें अच्छा ट्रैफिक मिल जाएगा।

इंदौर में पकड़ाया फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर

भारी मात्रा में दस्तावेज व कम्प्यूटर बरामद कर 21 लोगों को किया गिरफ्तार

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर के अड्डे पर छापा मारकर विदेशों में धोखाधड़ी करने वाले बड़े गिरोह को पकड़ा है। आरोपी खुद को एजेंसी और सरकारी विभाग के कर्मचारी बताकर अमेरिकन एसेंट में लोगों को धमकाते थे । पुलिस ने यहां से भारी मात्रा में कंप्यूटर और दस्तावेज जप्त किए हैं ।

क्राइम ब्रांच इंदौर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि महाराष्ट्र गुजरात मे पूर्व से काल सेंटर काम करने वाले युवक युवतीया बाहर से आकर इंदौर के लसुडिया निपानीया क्षेत्र मे अवैध कॉल सेंटर चला रहे है काल सेंटर से अमेरिका के नागरिकों को कॉल करके उनसे, उनके यूनिक सोशल सिक्योरिटी नम्बरों का अवैध गतिविधियों का भय बताकर उन्हें डराकर उनके बेंक एकाउंट से डालर को गिफ्ट कार्ड के माध्यम से राशि वसूली जा रही थी। सूचना पर से क्रॉईम ब्रांच टीम द्वारा निपानिया स्थित फ्लेट न 301 ओ के बिल्डिंग स्कीम न. 94 दबिश दी गई जहॉ पर काम करते मैनेजर जोशी फ्रांसिस व आईटी हेड जयराज पटेल सहित अन्य कालर 16 लड़के व 03 लड़कियां पाई गई । जिनके द्वारा अवैध रूप से अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेन्टर के द्वारा अमेरिकी नागरिकों का डाटा अवैध रूप से आहरीत कर ठगी की जा रही थी । कुल 21 आरोपियों को मोके से गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा पकड़े गए आरोपियों से हवाला से प्राप्त होने वाला पैसा का माध्यम अन्य लोगों की संलिप्तता , अन्य स्थानों पर इस तरह की गतिविधि संचालित कर रहे अन्य साथी व अब तक कमाए गए अवैध लाभ के संबंध में क्राइम ब्रांच द्वारा कड़ाई से पुछताछ की जा रही है । आरोपियों के विरुद्ध अन्य जगहो पर पंजीबद्ध प्रकरणो की जानकारी ली जा रही है। आरोपियों अग्रिम पूछताछ से इस तरह के अन्य फर्जी अवैध काल सेंटर के बारे मे एवं उनके संचालको के बारे मे जानकारी मिलने की संभावना है।

ट्रांसपोर्ट नगर में दो ट्रकों में लगी आग

इंदौर । ट्रांसपोर्ट नगर में गेहूं से भरे ट्रक में सुलगी आग ने पास खड़े दूसरे ट्रक को भी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अलसुबह करीब 4 ट्रांसपोर्ट नगर में गेहूं से भरा ट्रक (एमपी 09 एचजी 0673) में अचानक आग लग गई। ट्रक में धुआं उठता देख लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकलकर्मी पहुंचते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। यही नहीं, पास खड़ा ट्रक (एमपी 09 एचजी 2339) भी आग की चपेट में आ चुका था। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि ट्रक में टायर भरे थे, जिस कारण आग तेजी से फैली। ट्रक मालिक सचिन बैरागी और रवि राज का कहना है कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं है।

जनवरी के अंतिम सप्ताह में नगर निगम चुनाव संभव

मतदाता सूची के लिए दावे और आपत्ति लेने का काम दिवाली बाद शुरू होगा

इंदौर। उपचुनाव निपटते ही अब निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दीपावली बाद मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है जिसमें दावे-आपत्ति का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 12 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में निगम चुनाव हो सकते हैं। वार्ड आरक्षण के बाद वार्ड पार्षद के दावेदारों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। राजनीतिक दलों को छोड़ कई दावेदार तो निर्दलीय लड़ने तक को तैयार हैं। महापौर के लिए अभी आरक्षण नहीं हुआ है। आरक्षण दिवाली बाद होने की ही संभावना है।

इंदौर के साथ-साथ देवास, भिंड, शिवपुरी, गुना, मुरैना, छतरपुर, राजगढ़, आगर-मालवा, उज्जैन एवं धार नगर निगम में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया स्थगित कर रखी थी जो अब शुरू की जा रही है। 21 नवंबर को इस सूची का सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा और 28 नवंबर तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे। दावे आपत्ति का निराकरण 5 दिसंबर तक कर दिया जाएगा और उसके बाद 12 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। नगर पालिक निगमों के अलावा नगर परिषद में भी चुनाव कराए जाना हैं।

कार ने पीछे से मारी बाइक को टक्कर, एक युवक की मौत

इंदौर। पीथमपुर से पुताई का काम खत्म कर देर रात घर लौट रहे तीन युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। एक ही बाइक पर सवार युवक राऊ क्षेत्र में पहुंचे तो यहां अचानक एक आयशर वाहन सामने आ गया। उससे बचने के चक्कर में इन्होंने बाइक को मोड़ा, जिस कारण पीछे से तेजगति से आ रही कार ने इन्हें चपेट में ले लिया। बुरी तरह जख्मी युवकों को राहगीरों ने पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार हादसा देर रात राऊ थाना क्षेत्र के नेहरू नगर मोड़ के पास हुआ। कमलेश पिता बाबूलाल साहू निवासी ओमेक्स सिटी मूल निवासी बैतूल ने रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

उसने बताया कि गुरुवार सुबह वह रोबोट चौराहे पर मजदूरी के लिए खड़ा था, यहां से एक ठेकेदार के साथ मैं और मेरा दोस्त गंगाराम पुताई के लिए पीथमपुर गए थे। रात में काम निपटाकर हम तीनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। नेहरू नगर के पास सामने से आए एक आयशर वाहन को बचाने के चक्कर में बाइक का संतुलन बिगड़ गया। इस दौरान एक तेजगति से पीछे से आई कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मैं, अयूब और गंगाराम गिरकर घायल हो गए। सूचना के बाद एंबुलेंस 108 ने हम तीनों को अस्पताल भिजवाया। जहां अयूब ने दम तोड़ दिया।

इंदौर। दीपावली की खरीददारी के लिए राजबाड़ा क्षेत्र में भीड़ बढ़ रही है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है।

ऑटो चालक की खुदकुशी में दो पर केस

इंदौर। जूनी इंदौर इलाके में पिछले दिनों एक ऑटो चालक जली हुई हालत में मिला था। उसके परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच की तो पता लगा कि आरोपी लेनदेन के विवाद में ऑटो चालक को प्रताड़ित कर रहे थे। ऑटो चालक की मौत के मामले में अब दोनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। जूनी इंदौर पुलिस के अनुसार करीब २० दिन पहले संतोष उर्फ अंतरू नामक ऑटो चालक सिंधी कॉलोनी में ही गंभीर रूप से जली हुई हालत में मिला था। पास ही में उसका ऑटो भी खड़ा था। उसे तुरंत अस्पताल में इलाज के लिएभर्ती किया गया था। संतोष केभाई और भतीजे ने हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने जांच की तो पता लगा कि आरोपी प्रिंस गोडवानी और लोकेश मखीजा संतोष को परेशानकर रहे थे। रुपए पैसों के लेन-देन में उन्होंने संतोष को इतना प्रताड़ितकिया कि संतोष ने खुद परघासलेट डालकर आग लगा ली थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

नगर पंचायत में रिकॉर्ड देखकर लौट रहे युवक पर हमला

इंदौर। बेटमा की नगर पंचायत से दस्तावेजों की तस्दीक के लिए गए एक युवक पर लौटते वक्त अचानक बाइक सवारों ने हमला कर दिया। पुलिस को शंका है कि इसी दस्तावेजों से जुड़े लोगों ने हमला किया होगा।

चंदन नगर पुलिस ने चर्चित पिता राजशेखर शास्त्री (26) निवासी 03/1 मल्हारगंज की शिकायत पर बाइक के चालक और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। चर्चित ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त गौरव चौहान के साथ एक्टिवा से बेटमा नगर परिषद में दस्तावेज अवलोकन के लिए गया था। वहां पंचोलिया ने उसे दस्तावेज देने से मना कर दिया। इसके बाद वह दोस्त गौरव के साथ इंदौर के लिए निकला। जब वे दोनों नावदा पंथ ब्रिज के यहां पहुंचे, तभी पीछे से बाइक सवार आए। उन्होंने चर्चित की गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अड़ाकर रोक लिया। फिर उसे गालियां देते हुए लोहे की रॉड से हमला कर दिया। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने उसे बचाया। इसके बाद वह थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज करवाई।

चोरी से रोकने वाली युवती पर हमला

इंदौर। पंढरीनाथ इलाके में चोरी ऊपर से सीना जोरी का मामला सामने आया है। दरअसल एक बदमाश एक मोटरसाइकिल से पेट्रोल चुरा रहा था, जिसकी मोटरसाइकिल थी उसकी बेटी ने उसे रोका तो आरोपी ने सरिए से हमला कर घायल कर दिया। पंढरीनाथ थाने में फरियादी हिना पिता अब्दुल करीम की शिकायत पर आरोपी गोलू के खिलाफ पुलिस ने मारपीट मारपीट का मामला दर्ज किया है हिना ने पुलिस को बताया कि गोलू उसके पिता की मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकाल रहा था। उसने आरोपी को समझाया तो आरोपी ने गालियां देना शुरू कर दिया और सरिए से हमला कर उसे घायल कर दिया।

नाम परिवर्तन

मेरा नाम, मनोज कुमार तिवारी पुत्र - श्री राम कुमार तिवारी, आयु 51 वर्ष, निवास 502, शिव एलीट, संस्कृति रॉयल पार्क, एबी रोड, राऊ, इंदौर परिवर्तित होकर **मनोज राम कुमार तिवारी** हो गया है भविष्य में मुझे **मनोज राम कुमार तिवारी** नाम से जाना जाये

GORANI INDUSTRIES LIMITED

CIN:- L28121MP1995PLC009170
Regd. Office: Plot No. 32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area,
Indore - 452015 (M.P.) - India
website- www.goraniindustries.com. email-id- gorani.industries@yahoo.com
Telephone No.- 0731-2723201 Fax- 2723200

Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2020

(RS. IN LAKHS except EPS)

S. No.	Particulars	Quarter Ended		Half Year Ended
		30.09.2020	30.09.2019	30.09.2020
1	Total Income from Operations	581.26	571.58	730.44
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or extraordinary items#)	57.90	23.05	37.81
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	57.90	23.05	37.81
4	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	42.44	17.03	27.71
5	Total Comprehensive Income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax)]	42.44	17.03	27.71
6	Equity Share Capital	487.51	487.51	487.51
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year	-	-	-
8	Earnings per share (in Rs.) (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations): (a) Basic (b) Diluted	0.87	0.35	0.57

Note:

A. 1. As per Government directives, the Company suspended operations of its facilities w.e.f. 23rd March, 2020 in the wake of the Covid-19 Pandemic. Operations were resumed from 22nd May, 2020 taking cognizance of the Governments advisories resuming manufacturing activities and after obtaining necessary permissions in this behalf. Disruption in operations as a result of the aforesaid; have impacted business performance during first two months of the half year. Looking to the past track of the Company and as per the currrent market conditions the company estimates good business growth in remaining period of the financial year.

B. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Website www.bseindia.com and on the Company' s Website www.goraniindustries.com.

C. The impact on net profit/(Loss), total comrehensive income or other relevant financial items due to changes in accounting policies shall be disclosed by means of a foot note: N.A.

D. # - Exceptional items adjusted in the statement of profit and loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board

Date: 06/11/2020
Place: Indore

Anil Gorani
Whole Time Director
DIN: 00055540

Sanjay Gorani
Managing Director
DIN:00055531

अब आईआरसीटीसी भी शुरू करेगा गंगासागर के लिए पहली ट्रेन

अब आईआरसीटीसी भी शुरू करेगा गंगासागर के लिए पहली ट्रेन

इंदौर। रेलवे अपनी नियमित ट्रेनों को स्पेशल के रूप में चलाने के बाद अब आईआरसीटीसी द्वारा संचालित पर्यटक ट्रेनों को भी शुरू करने जा रहा है। पहली ट्रेन इन्दौर को गंगासागर के लिए मिली है। वहीं एक अन्य ट्रेन भी मिली है, जो देवास तक लाई जाएगी और वहां से पर्यटकों को बस से पर्यटन और धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

इन्दौर से अभी तक स्पेशल ट्रेनों के रूप में 10 ट्रेनें शुरू की जा चुकी हैं और 11वीं के रूप में इन्दौर से वैष्णोदेवी मालवा एक्सप्रेस 9 नवम्बर से शुरू की जा रही है। फिलहाल यह ट्रेन सप्ताह के तीन दिन ही संचालित की जाएगी। इसके साथ ही इंडियन रेल एवं केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) भी भारत भ्रमण ट्रेन के रूप में कुछ ट्रेन शुरू कर रहा है। इनमें एक ट्रेन इन्दौर को मिली है। यह ट्रेन 8 दिसम्बर को इन्दौर से रवाना होगी। गया, गंगासागर और जगन्नाथपुरी के लिए चलने वाली यह इन्दौर से अभी तक स्पेशल ट्रेन इन्दौर से निकलकर देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, खुरई, सागर, दमोह, कटनी, मैहर और सतना होते हुए वाराणसी पहुंचेगी। वहां से प्रयागराज, गया, गंगासागर और जगन्नाथपुरी होते हुए यह ट्रेन 17 दिसम्बर को वापस इन्दौर आ जाएगी। एक और ट्रेन देवास से निकलेगी। इस ट्रेन का नाम ज्योतिर्लिंग यात्रा दिया गया है। यह ट्रेन रीवा से चलकर सीहोर होते हुए देवास आएगी। यहां से पर्यटकों को ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर के दर्शन कराए जाएंगे। उसके बाद स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सोमनाथ, द्वारका, अहमदाबाद, पुणे, पर्ली बैजनाथ, औरंगाबाद, शिर्डी, नासिक होते हुए यह ट्रेन 31 दिसम्बर को वापस लौट जाएगी।

PANJON LIMITED

Register Office : 1, Panjon Farm House,
Near Hinkargiri Tirth, Airport Bijasan Road
Indore - 452005 (M.P.)
(CIN : L24232MP1983PLC002320)

NOTICE OF BOARD MEETING

Pursuant to Regulation 29, 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we wish to inform you that the Board Meeting of the Company will be held on **Friday, November 13, 2020** at the registered office of the Company at 3.00 pm., inter alia, to consider and approve the following:

a) the Un-Audited Standalone Financial Results of the Company for the quarter and half year ended 30th September, 2020 and Limited Review report thereon;
b) Any other items.

The said intimation is available on the Company's website at **www.panjon.in** and on the website of stock exchange **www.bseindia.com.**

For Panjon Limited
Sd/
Jay Kothari
Managing Director
(DIN: 00572543)

Place: Indore
Date: 05/11/2020

Clockwise

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सोनी किशोर राजपूत उर्फ सोनल है मेरा घरेलू बोलता नाम सोनल था जो बदल कर अब सोनी किशोर राजपूत हो गया है सरकारी दस्तावेजो में मेरा नाम सोनी किशोर राजपूत है अतः मुझे अब सोनी किशोर राजपूत के नाम से ही जाना जावे।

सोनी किशोर राजपूत
निवासी - खेतिया, पोस्ट - खेतिया,
तहसील - पानसेमल, जिला - बड़वानी
(म.प्र.)
मो.न. 9630912887

SATYA SHYAM TRADING LTD.

CIN : L51102MP1984PLC002664
Regd. Office : 110, Siyaganj, INDORE-452 007 (M.P.) Ph.: 0731-2533410, 2533602
E-mail : shyamsaty@rediffmail.com, Website : www.satyashyam.com

[Regulation 47(1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]

Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the Quarter and Half Year Ended September 30, 2020 (₹ in Lacs)

Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
	30.09.2020 Unaudited	30.06.2020 Unaudited	30.09.2019 Unaudited	30.09.2020 Unaudited	30.09.2019 Unaudited	31.03.2020 Audited
Total Income from Operations	1270.51	683.14	813.89	1953.66	1486.43	3103.83
Net Profit/ (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	12.02	2.95	8.95	14.98	11.09	42.26
Net Profit/ (Loss) for the period Before tax (After Exceptional and/ or Extraordinary items)	12.02	2.95	8.95	14.98	11.09	42.26
Net Profit/ (Loss) for the period After tax (After Exceptional and/ or Extraordinary items#)	12.02	2.95	8.95	14.98	11.09	31.13
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	13.77	6.22	7.45	20.00	14.18	24.91
Equity Share Capital	318.81	318.81	318.81	318.81	318.81	318.81
Other Equity	477.66					458.49
Earnings Per Share (of ₹10/- each) (for continuing and discontinued operations) - Basic Diluted	0.38 0.38	0.09 0.09	0.28 0.28	0.47 0.47	0.35 0.35	0.98 0.98

Notes : (1) The company has only one reportable segment i.e. Trading of Tea. **(2)** Depreciation on fixed asset is provided on Straight Line Method as per estimated remaining useful life of assets. **(3)** Provision for Income Tax will be made at year end. **(4)** Previous year Figures have been regrouped and rearranged, whenever deemed necessary to confirm the current period/ year's classification and minus figures are shown in brackets. **(5)** The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors as their respective meetings held on November 05, 2020 and have been subjected to limited review by Statutory Auditors. **(6)** The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the websites of the MSEIL (Stock Exchange) and the Company i.e. www.satyashyam.com **(7)** These Financial Statements are the Company's First IND AS Financial Statements. The Company has adopted all the IND AS and the adoption was carried out in accordance with IND AS 101 First Time Adoption of Indian Accounting Standards. The transition was carried out from Indian Accounting Principles generally accepted in India as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Rule 7 of Companies (Accounts) Rules 2014 (GAAP)

For and on behalf of Board of Directors of
Satya Shyam Trading Limited
Sd/-
Shiv Prasad Agarwal (Managing Director)
DIN: 00545387

Date : **07th November, 2020**
Place : **INDORE**

VIGILANCE

आसान है कोरोना को हराना...रखें तीन बातों का ध्यान- डा. भट्टाचार्य

बड़िया कीमा में एन.एस.एस. ने बांटे मास्क और खाद्य सामग्री

इंदौर । दीपावली के लिये बाजार में खरीददारों की भीड़ बढ़ रही है. सर्दी भी शुरू हो चुकी है। ऐसे हालात में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव सभी नागरिकों की प्राथमिकता होनी चाहिये। कोरोना से बचाव के लिये बहुत ही आसान तीन उपाय हैं जिनका पालन कर हम स्वयं और अपने परिवार को संक्रमित होने से बचा सकते हैं।

आज बिचौली मदार्ना के पास ग्राम बड़िया कीमा में डा. विशाल भट्टाचार्य ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बताया कि घर से निकलें तो मास्क जरूर लगायें. दो गज की दूरी का पालन करें और साबुन से बार बार हाथ धोयें। इस अवसर पर ब्यूरो के सहायक निदेशक मधुकर पवार ने ग्रामीणों से कहा कि अभी तक कोरोना वायरस की दवाई नहीं है इसलिये हमें सरकार और चिकित्सकों द्वारा बताये गये उपायों पर ही अमल करना है। सेंट रेफियल्स उच्चतर माध्यमिक विद्यलाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती राजबाला वर्मा ने ग्रामीणों को दीपावली की अग्रिम बधाई देते हुये कहा कि डा. भट्टाचार्य द्वारा दी गई जानकारी का पालन कर कोरोना से बचें और अपने परिवार को भी बचायें। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान श्रीमती वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों को मास्क और खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर एन.एस.एस. की स्वयं छात्राओं ने कोरोना से बचाव पर आधारित नाटक किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत प्रस्तुत किया।

नारकोटिक्स विंग

NARCOTICS W ING
पुलिस थाना पलासिया परिसर, इंदौर 452018
STAION PALASIA CAMPUS, INDORE-452018

क्रमांक/नारकोटिक्स विंग/ इन्दौर पी-526/2020
दिनांक 28/10/2020

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के लिए जागरुकता से संबंधित कवच परियोजना के क्रियान्वयन हेतु एक एजेंसी चयन किया जाना है। इस परियोजना में MOBILE DISPLAY UNIT WITH ACCESSORIES ON LEASE BASIS के लिए टेंडर फार्म इच्छुक निविदाकारों के लिए रुपये 1000/- निविदा शुल्क अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में आनलाईन WWW MPTENDERS. GOV. IN पर जमा कर विज्ञापन जारी होने के दिनांक से प्राप्त किया जा सकता है।

(1) निविदा फार्म दस्तावेज एवं मापदण्ड म.प्र. पुलिस की वेबसाइट WWW. MPPOLICE.GOV.IN एवं WWW MPTENDERS. GOV. IN पर उपलब्ध है। निविदा फार्म दस्तावेज आदि के लिए प्रत्येक टेंडर की निविदा शुल्क 8443- सिविल जमा- 0055 पुलिस-800- अन्य में जमा कर आनलाईन निविदा फार्म निर्धारित अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

(2) सुरक्षा निधि जमा न करने पर निविदा स्वीकार नहीं कि जावेगी । निर्धारित सुरक्षा निधि के टेक्निकल बिड के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रतिभूति राशि (EMD) आनलाईन केवल ट्रेजरी हेड **8443- सिविल जमा- 0055- पुलिस-103 प्रतिभूति जमा** में ही जमा की जाये।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
नारकोटिक्स विंग इन्दौर

जी-15345/20